# विद्यार्थी अपने अंदर हीन भावना न आने दें : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

## निरंतर परिश्रम व लगन के बल पर ही हमारे देश के अनेक महापुरुष विश्व में प्रसिद्ध हुए

➪ राज्यपाल ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उन्नति से ही संतुष्ट न होकर, सबकी उन्नति में ही अपनी उन्नति समझनी चाहिए



गुरुकुल में आयोजित अलंकरण समारोह में भाग लेते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य अतिथि

जगमार्ग न्यूज

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र प्रांगण में आयोजित अलंकरण समारोह में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।

इस अवसर पर निदेशक प्रवीण कुमार ने एनडीए, सदनीय विद्यार्थियों और गुरुकुल के विभिन्न प्रकल्पों जैसे भोजनालय, खेल के मैदान, छात्रावास, विद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न कार्यों के प्रति विद्यार्थियों को शथल दिलाई ताकि वे सौंपे गये कार्यों तथा कर्त्तव्यों का भली प्रकार से निर्वहन करें। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि समाज, देश, परिवार तभी आगे बढ़ता है जब वह नियमों और सिद्धान्तों का पालन करें।

उन्होंने कि समुद्री जहाज हर सुविधाओं से युक्त होता है परंतु यदि उसमें छोटा-सा भी छेद हो जाए तो वह पतन की ओर अग्रसर हो जाता है, उसी प्रकार हमारे गुरुकुल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी यदि नियमों, संस्कारों, अनुशासन की अवहेलना करेगा तो वह पतन की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि आलसी व्यक्ति बिना किसी उद्देश्य से पूरा जीवन व्यतीत कर देता है, उसका कोई लक्ष्य नहीं होता परंतु मेहनत करने वाला व्यक्ति समाज में अलग पहचान बनाता है। जो विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से पालन करते हैं वे जीवन में अवश्य सफल होते हैं।

आचार्य देवव्रत ने आर्य समाज के नियम का जिक्र करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उन्नति में संतुष्ट नहीं रहना चाहिए परन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए। इस प्रकार के व्यक्ति समाज में सदैव परोपकारी, मानवता और भाइचारे का संदेश देते हैं। आचार्य ने अभ्यास व मेहनत के महत्व पर बल देते हुए कहा कि उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से गुजरात में 9 लाख किसानों को जहरमुक्त खेती से जोड़ा है।

गुरुकुल की गोशाला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 1982 में मात्र 3 देशी गायों से शुरु की गई यह गोशाला आज पूरे देशभर में प्रसिद्ध है और वर्तमान में 55 लीटर तक दूध देने वाली गाय यहां विद्यमान है। उन्होंने कहा कि अपने दृढ़ निश्चय और कठोर परिश्रम के दम पर ही पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसार में एक अलग पहचान बनाई।

आचार्य ने अध्यापक वर्ग व संरक्षक मंडल से भी अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निवर्हन करने का आह्वान किया क्योंकि बच्चे अपने अध्यापकों के आचरण से ही सीखते हैं, इसलिए एक अध्यापक को हमेशा अपने जीवन में सत्य का आचरण और अनुशासन का पालन करना चाहिए। गुरुकुल में प्रविष्ट नए ब्रह्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा बड़ा सोचें, क्योंकि छोटी सोच इंसान को कभी महान नहीं बना सकती। अपने लक्ष्यों पर ध्यान केन्द्रित करके उन्हें प्राप्त करें। नई जिम्मेदारी प्राप्त करने वाले छात्रों को उन्होंने अपने कर्त्तव्य के प्रति जागरूक रहने और हमेशा अनुशासन, संस्कारों का पालन करने की सीख दी।

# 2024 का चुनाव और आपका वोट बहुत ही अहम : सीएम नायब सैनी

➪ कहा-प्रधानमंत्री मोदी की शासन काल में भारत अपनी मजबूत पहचान के साथ सुरक्षित




जगमार्ग न्यूज

**करनाल।** 2014 और 2019 के वोट का ही कमाल है कि भारत का विश्व में डंका बज रहा है। आज भारत बोलता है, तो दुनिया आदरपूर्वक सुनती है। आज देश में भय का माहौल खत्म हो गया है। 2014 के पहले लोगों में भय रहता था कि आतंकवादी हमला में कब परिजनों की लाश देखनी पड़ें। आज प्रधानमंत्री मोदी ने देश को एक विश्वास और नई दिशा दी है। 2024 का चुनाव और आपका वोट बहुत ही अहम है।

यह बात चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भट्ठा एसोसिएशन की बैठक में कही। भट्ठा एसोसिएशन के सदस्यों ने उनको भारी मतों से जीताने का वादा किया। भट्ठा एसोसिएशन से पहले चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी लघु भारती भी गए और स्थानीय उद्यमियों को भी संबोधित करते हुए अपनी सरकार के विकास कार्यों के बारे में चर्चा की।

सैनी ने कहा कि कांग्रेस को अपने पाक प्रेम के बारे में लोगों को बताना चाहिए। हमारी सेना को कांग्रेस के शासन में आतंकवादियों पर चलाई गई गोलियों का हिसाब देना पड़ता था। यह कांग्रेस की नीति थी। दस वर्षों में हमारी सरकार ने सेना को आतंकवादियों से निपटने की खुली छूट दे रखी है इसलिए आज आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है और पत्थरबाज गायब हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की शासन काल में भारत अपनी मजबूत पहचान के साथ सुरक्षित है। कांग्रेस ने विकास के नाम पर लोगों को ठगा है। सत्ता चलाने के लिए कांग्रेस को देश ने वक्त बहुत दिया पर वे असफल रहें।

उन्होंने कहा कि करनाल में भारी वोटों से मनोहर लाल को जीता कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूती प्रदान करें। करनाल हमारी सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों का गवाह है। आगे भी यहां हमारी सरकार विकास के कार्यों को करती रहेगी। यह मोदी की गारंटी है। आप अपना कीमती वोट बीजेपी को देकर सशक्त भारत का निर्माण करने में सहयोग दें।

इस अवसर पर पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, निवर्तमान मेयर रेणुबाला गुप्ता, संजय बठला, बृज गुप्ता, पूर्व पार्षद युद्धवीर सैनी, अनिल सहगल, प्रवीन खुराना, अभिषेक गुप्ता, गौरव जैन, भूषण गोयल, सुशील जैन व एपीएस चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्लाट की सौदेबाजी कर एक करोड़ 23 लाख रुपए हड़पे, तीन पर मामला दर्ज

➪ किसी ओर की जमीन दिखा, खुद को मालिक बता जमीन का सौदा करने का आरोप




जगमार्ग न्यूज

**जींद।** फर्जी दस्तावेजों पर जमीन की सौदेबाजी कर एक करोड़ 23 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एकता नगर निवासी सतीश तथा गांव लुदाना निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने सात दिसंबर 2022 को मनीमाजरा निवासी जीवनप्रीत से माल रोड करनाल में 12 करोड़ रुपये में प्लाट खरीदा था। एक करोड़ 20 लाख राशि का भुगतान दो चैकों से किया गया था। प्लाट के कुछ हिस्से की रजिस्टरी के लिए 30 जनवरी 2023 को जबकि दूसरे हिस्से की रजिस्टरी 30 नवंबर 2023 को निर्धारित की गई थी। जिसको लेकर जीवनप्रीत से संर्पक किया गया तो वह रजिस्टरी के लिए समय देता रहा। ब्याने के दौरान खानपुर युमनानगर निवासी सुभाष गवाह बना। उसको भी रजिस्टरी के लिए बोला। उसने सौदा हुई जमीन को छोड़ जगाधरी में उसकी जमीन का सौदा करने की बात कही। आरोपित ने जगाधरी में जमीन दिखा खुद का मालिक बताया। जिसपर सुभाष ने एक करोड़ 30 लाख रुपये ब्याना देकर जमीन का सौदा कर लिया। बाद में पता चला की सुभाष के नाम कोई जमीन नही है। फर्जी जमीन दिखाकर, राशि को हडपा गया। शुरू में आरोपित राशि लौटाने की बात कहता रहा। बाद में आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने गांव खानपुर युमनानगर निवासी सुभाष, अंबाला निवासी संदीप जैन, मनीमाजरा निवासी जीवनप्रीत के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी वजीर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# नायब सैनी सरकार बहुमत में और मजबूत : मनोहर लाल

➪ घरौंडा और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा के दौरान आमजन से मिले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर



जगमार्ग न्यूज

**घरौंडा/पानीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दावा किया है कि आने वाली 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आएंगे तो हरियाणा की जनता 11 के 11 कमल के फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगी।

उन्होंने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों को करनाल विधानसभा की सीट समेत बड़े अंतर से जीत का दावा किया। वह आज घरौंडा और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता ने फैसला कर लिया है कि वह विपक्ष के बहकावे में नहीं आने वाली है और हर हाल में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष को 4 जून को अपनी असलियत पता चल जाएगी। हरियाणा के 3 निर्दलीय विधायकों द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के मामले में उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी की सरकार बहुमत में है और पूरी तरह से मजबूत है। दुष्यंत चौटाला द्वारा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार गिराने के प्रयास पर उन्होंने कहा कि दुष्यंत को जो करना है वह करें, यह उसका काम है। जब उनसे यह पूछा गया कि दुष्यंत चौटाला अपने विधायकों की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष को करने वाले हैं तो उन्होंने कहा कि जब शिकायत आएगी तब उस शिकायत पर उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले आज सुबह कोहंड गांव से पूर्व मुख्यमंत्री की जनसंपर्क यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा दोपहर में आसन कला गांव में संपन्न हुई। इस दौरान करीब डेढ़ दर्जन गांव में पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करने का काम किया। करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर हरियाणा के पंचायती राजमंत्री महिपाल ढांडा और राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार समेत अनेक कार्यकर्त्ता और नेता मौजूद। गांव में अपने स्वागत से अभिभूत पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का यह उत्साह इस बात का सूचक है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों में भाजपा के प्रति लहर पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 साल में इतने काम किए हैं कि कांग्रेस को सोच भी नहीं सकती। धारा 370, राम मंदिर, हाईवे, गरीबों के कल्याण के लिए मकान, शौचालय, बिजली पानी और उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस के कनेक्शन का जिक्र किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बिना खर्ची बिना पर्ची शिक्षित युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। हर गांव में बड़ी संख्या में युवा बिना किसी सिफारिश और पैसे के नौकरी लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब कोई बच्चा नौकरी लगता था तो उसके बाप को या तो अपनी जमीन बेचनी पड़ती है या प्लाट बेचना पड़ता है और इनमें से कुछ नहीं होता था तो उसकी मां को अपने गहने बेचकर पैसे देने पड़ते थे लेकिन आज सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि युवाओं को नौकरी के लिए केवल पढ़ाई करनी है और टेस्ट पास करना है ना तो किसी का चक्कर काटना है और ना ही किसी को पैसे देने हैं।

# मोदी सरकार ने कड़े फैसले लेकर भारत को किया मजबूत : कृष्णपाल गुर्जर

जगमार्ग न्यूज



**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि 1984 के बाद देश की जनता ने भाजपा के रुप स्पष्ट बहुमत की सरकार चुनी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। मोदी सरकार ने कड़े फैसले लेकर न केवल देश को आगे बढ़ाया बल्कि विश्व पटल पर उसकी साख भी बढ़ाई। बहुमत की सरकार थी, तभी भारत ताकतवर देशों की सूची में 11वें से पांचवें स्थान पर आ पहुंचा और अब तीसरे स्थान पर आने की तैयारी में है वहीं 70 सालों बाद कश्मीर से धारा 370 हटी, पांच सौ सालों बाद राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई, यह सब कार्य नरेंद्र मोदी जी की बहुमत सरकार के द्वारा ही संभव हो पाया इसलिए उन्नत और विकसित भारत के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करें। गुर्जर आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांवों मुजेड़ी, नवादा, बुखारपुर, दयालपुर, बहबलपुर, फतेहपुर बिल्लौच, पन्हेड़ा खुर्द, नरियाला, छांयसा, साहूपुरा खादर में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर व विधायक नयनपाल रावत का ढोल नगाड़ों की थाप पर पुष्प वर्षा करके और सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। युवा बिग्रेड उन्हें बाइकों के माध्यम से जुलूस के रुप में सभा स्थल तक लेकर पहुंची, जहां ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीत गाए इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, भाजपा नेता दीपक डागर, डा. बलदेव अलावलपुर, सोहनपाल छोकर, पवन रावत मौजूद रहे। सभाओं में उमड़ी भीड़ से उत्साहित कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास किया है, उन्होंने पृथला क्षेत्र के विकास की बात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जहां 900 करोड़ की लागत से श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ।

# करनाल लोकसभा क्षेत्र में 29 में से 19 उम्मीदवार आजमाएंगे अपना भाग्य

➪ निर्दलीय प्रत्याशियों को आबंटित किए गए चुनाव चिन्ह

जगमार्ग न्यूज

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामाकंन वापिस लेने के अंतिम दिन वीरवार को करनाल संसदीय क्षेत्र के लिए 29 प्रत्याशियों में से अब 19 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए है तथा दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नाम वापिस लिए हैं, इनमें रोमी राणा व नवजोत रंधावा शामिल है। जबकि 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच पड़ताल के दौरान रद्द हो गए थे। उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से मनोहर लाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दिव्यांशु , बहुजन समाज पार्टी से इंद्र सिंह, जन नायक जनता पार्टी से देवेन्द्र कादियान का नाम शमिल है। इसी प्रकार से पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों में समस्त समाज पार्टी से अशोक कुमार कटारिया, शिरोमणि अकाली दल,अमृतसर (सिमरनजीत सिंह) हरजीत सिंह, भारतीय आशा पार्टी से विनीत चौधरी, राष्ट्रीय गरीब दल से रूप सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से नितिन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से मराठा वीरेन्द्र वर्मा चुनाव लड़ेंगे। इसी प्रकार से निर्दलीय उम्मीदवार लीना कोहली, आजाद सिंह, अशोक कुमार, बलवान सिंह, गुलशन, मनीश कुमार, सोनिया, मनोज बंसल व स्वामी अग्निवेश चुनावी मैदान में है। इन सभी निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक होगा।

# मतदान केंद्रों पर नहीं खड़ा रहना पड़ेगा धूप में, छाया व बैठने का रहेगा इंतजाम

➪ आज होगा क्यू मैनेजमेंट ऐप का ट्रायल रन, मिलेगी रियल टाइम इन्फॉर्मेशन



जगमार्ग न्यूज

**नारनौल।** मतदाताओं को लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदान करते समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके अलावा बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के साथ मत करने के लिए न्योता भी दिया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि निमंत्रण पत्र के साथ-साथ मतदाताओं को उनके बूथ के बारे में भी सही जानकारी दी जाएगी है। जिला के सभी बीएलओ घर-घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप देंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। हर मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय तथा छाया में बैठने के इंतजाम किए गए हैं ताकि मतदाता को धूप में ना खड़ा होना पड़े। इस संबंध में सभी एआरओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिम्मेदार रहेंगे। इस बार नारनौल विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ पर लाइन में लगे मतदाताओं की जानकारी ऑनलाइन मुहैया रहेगी। इसके लिए क्यू मैनेजमेंट ऐप बनाया गया है। 10 मई को क्यू मैनेजमेंट ऐप का ट्रायल रन लिया जाएगा। फिलहाल इस ऐप के लिए सभी बीएलओ के मोबाइल नंबर अपडेट किए जा रहे हैं। मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य 10 तारीख को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। मतदान के दिन 25 मई को कोई भी नागरिक ये ऐप डाउनलोड करके लाइन में लगे मतदाताओं की संख्या की जानकारी हासिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र पर तैनात सभी बीएलओ लगातार क्यू मैनेजमेंट ऐप के जरिए डाटा अपडेट करेंगे ताकि लोगों को लाइन में लगे मतदाताओं की रियल टाइम इन्फॉर्मेशन मिलती रहे।

## प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें सभी राजनीतिक दल एवं प्रत्याशी

**कैथल, (जगमार्ग न्यूज)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, समर्थक व आम नागरिक तथा अधिकारियों द्वारा दा हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी होगी। सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें। किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है।

**जांच-पड़ताल**

## गलत डाटा देने वालों के खिलाफ होगी सख्त कारवाई : डीसी

# चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए पुरुष शिक्षक बन गया गर्भवती महिला

➪ जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया संज्ञान, दिए जांच के सख्त आदेश

सुरेंद्र कुमार

**जींद, (जगमार्ग न्यूज)।** चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए व्यक्ति कैसे-कैसे तरीके अपना सकते हैं, इसका हम अंदाजा भी नही लगा सकते हैं। ऐसा ही एक मामला जिला जींद में शिक्षा विभाग का सामने आया है।

जिला के गांव डाहौला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के पास भेजे गए कर्मचारियों के डाटा में पीजीटी हिंदी के पद पर कार्यरत शिक्षक सतीश कुमार को न केवल महिला कर्मचारी दर्शाया बल्कि गर्भवती होना भी दर्शाया गया है। यह मामला जब जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के समक्ष आया तो उन्होंने न केवल आश्चर्य प्रकट किया बल्कि तुरंत प्रभाव से जांच बैठाई है। इस मामले को निर्वाचन आयोग और शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के पास भी भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव को संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। जिनमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लेकर क्लास वन तक के अधिकारी भी शामिल होते हैं। कर्मचारियों के पीठासीन अधिकारीए सहायक पीठासीन अधिकारी के अलावा एसएसटी, एफएसटी, वीडियो सर्विलेंस टीम, वीडियो वीविंग टीम, फ्लाइंग स्क्वेड आदि अनेक टीमों में ड्यूटी होती है। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न तरह की जरूरी कार्यशालाओं का भी आयोजन करवाया जाता है। जिसमें उनको ईवीएम के बारे में बारीकी से जानकारी दी जाती है ताकि किसी भी स्तर पर कोई चूक ना रहे। इसी बीच जिला प्रशासन के पास प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा चुनावी ड्यूटी से छुटकारा पाने के लिए सिफारिश पहुंचती हैंए लेकिन चुनावी ड्यूटी से छूट जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप केवल किसी विशेष परिस्थिति में ही दी जाती है।

### डीसी ने बैठाई जांच कमेटी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि कर्मचारी चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए इस तरह का कदम भी उठा सकते हैं। इसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। यह अपने आप में एक अनूठा और आश्चर्यजनक मामला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमिता कुमारी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बैठाई गई है। जांच कमेटी द्वारा इस सारे मामले की छानबीन की जाएगी। इस मामले में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ-साथ इस केस की रिपोर्ट शिक्षा विभाग और निर्वाचन आयोग के पास में ही भेजी जाएगी।

### सॉफ्टवेयर गर्भवती महिला होने पर डाटा को नहीं उठाता

जींद के गांव डाहौला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से जिला प्रशासन के पास भेजे गए कर्मचारियों के डाटा में यहां पर कार्यरत पीजीटी शिक्षक सतीश कुमार को महिला कर्मचारी होने के साथ-साथ गर्भवती होना भी दर्शाया गया है। चूंकि चुनावी ड्यूटी लगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला सॉफ्टवेयर गर्भवती महिला होने पर डाटा को नही उठाता। ऐसे में सतीश कुमार की कहीं भी ड्यूटी नही लगी। जब यह मामला जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा के समक्ष रखा गया तो डीसी ने इस मामले पर आश्चर्य प्रकट करते हुए ठोस कार्रवाई शुरू की। डीसी ने वीरवार को इस केस में सीधे रूप से जुड़े पीजीटी सतीश कुमार, स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार और स्कूल के कंप्यूटर ऑपरेटर मंजीत को अपने ऑफिस में तलब किया और उनसे कई बार इस आश्चर्यजनक मामले के बारे में यह पूछा कि यह सब कैसे हुआ है लेकिन तीनों ने इसमें अपनी अनभिज्ञता जाहिर की। इस दौरान डीसी ऑफिस में मौजूद डीआईओ सुषमा देशवाल ने डीसी को बताया कि कुछ लोगों ने उनके पास आकर इस केस की मौखिक रूप से जानकारी दी थी और मामले की जांच करवाने की मांग की थी। इस पर उन्होंने डाटा देखा तो यह सही पाया गया।

### लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भूमिका जरूरी है : उपायुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद रजा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 लोकतंत्र का महापर्व है। इसका थीम चुनाव का पर्व देश का गर्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए छोटे से छोटे कर्मचारी से लेकर बड़े से बड़े अधिकारी की अहम भूमिका होती है। चुनावी ड्यूटी में शामिल होना अपने आप में एक गर्व की बात है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को चुनावी ड्यूटी से बचना नहीं चाहिए। यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए गैर जिम्मेदाराना या गलत रास्ता अपनाते हैं तो वह ड्यूटी में लापरवाही और कोताही मानी जाती है। ऐसे अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ निर्वाचन आयोग के नियमानुसार सख्त कार्रवाई होती है।

जगमार्ग प्रा. लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक रमेश चंद सिंघल द्वारा शॉप नंबर 25, मलिक सिंह कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 17, कुरुक्षेत्र से प्रकाशित एवं इंप्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लि., प्लाट नं. 22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला से मुद्रित। फोनः 0172-4014331 *सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र कुरुक्षेत्र होगा। आरएनआई नंबरः HARHIN/2013/49361, Postal Regd KKR/174/2024-2026